अपर सचिव
–सह–
अपीलीय प्राधिकार
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।
अपील सं0–36 / 2025
मो0 असलम कामिल
बनाम
बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड व अन्य।

उपस्थितिः–

श्री सुशील कुमार झा .... अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता।
शहजाद हसन खान एवं
असलम अंसारी .... बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के विद्वान अधिवक्ता।

आदेश

अपीलार्थी मो0 असलम कामिल, पिता–मोकीमुद्दीन, ग्राम–बोचागरी, वार्ड सं0–15, बोचागारी, थाना–बहादुरगंज, जिला–किशनगंज (वर्तमान सचिव, प्रबंध समिति, मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन बोचागारी, पो0–निशान्दरा, थाना–बहादुरगंज, जिला–किशनगंज, मदरसा सं0–534) ने बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के अध्यक्ष के आदेश ज्ञापांक 985 एवं 986, दिनांक 03.09.2025 के विरूद्ध यह अपील दायर की है, जिसके द्वारा बोर्ड के अध्यक्ष के आदेश ज्ञापांक 816, दिनांक 09.08.2025 की समीक्षा की गई है, जो बोर्ड के क्षेत्राधिकार से बाहर एवं नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के प्रतिकूल है।

अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा दिनांक 29.04.2026 की सुनवाई के क्रम में एक आवेदन अपीलीय प्राधिकार को प्रस्तुत किया गया तथा इस अपील के Infructuous हो जाने के मद्देनजर इस अपील को वापस लेने का अनुरोध किया गया।

बोर्ड के विद्वान अधिवक्ता ने दिनांक 29.04.2026 की सुनवाई में अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता के इस अपील को वापस लेने के अनुरोध का समर्थन किया तथा इस अपील की सुनवाई को बंद करने का अनुरोध किया।

निष्कर्षः– सभी पक्षों के विद्वान अधिवक्ताओं को सुना। सभी पक्षों के मौखिक बहस, लिखित कथन एवं संचिका में रक्षित साक्ष्यों के अवलोकन से प्रथमदृष्ट्या ऐसा प्रतीत होता है कि अपीलार्थी मो0 असलम कामिल, पिता–मोकीमुद्दीन, ग्राम–बोचागरी, वार्ड सं0–15, बोचागारी, थाना–बहादुरगंज, जिला–किशनगंज ने बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के अध्यक्ष के आदेश ज्ञापांक 985 एवं 986, दिनांक 03.09.2025 को इस अपील में चुनौती दी है।

अपीलार्थी ने दिनांक 29.04.2026 की सुनवाई के क्रम में एक आवेदन अपीलीय प्राधिकार को प्रस्तुत किया तथा इस अपील के Infructuous हो जाने के मद्देनजर इसे वापस लेने का अनुरोध किया, जिसका बोर्ड के विद्वान अधिवक्ता ने समर्थन किया।

उपरोक्त तथ्यों को मद्देनजर रखते हुए इस अपील को वापस लेने की स्वीकृति दी जाती है एवं इसकी सुनवाई बंद की जाती है।

ह0/–
(विजय कुमार)
अपर सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक......64...... दिनांक......18/05/2026......

प्रतिलिपिः– अध्यक्ष/सचिव, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, बिहार, 05, विद्यापति मार्ग, पटना/मो0 असलम कामिल, पिता–मोकीमुद्दीन, ग्राम–बोचागरी, वार्ड सं0–15, थाना–बहादुरगंज, जिला–किशनगंज/प्रधान मौलवी, मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमिन, बोचागारी, पो0–निशान्दरा, थाना–बहादुरगंज, जिला–किशनगंज, मदरसा सं0–534/मनव्वर आलम, पिता–स्व0 अताउर रहमान, पता–वार्ड नं0–15, बोचागारी, थाना–बहादुरगंज, जिला–किशनगंज/मुंतजीर आलम, पिता–स्व0 फरमान बख्श, पता–वार्ड नं0–14, बोचागारी, थाना–बहादुरगंज, जिला–किशनगंज/जिला शिक्षा पदाधिकारी, किशनगंज/प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, बहादुरगंज, किशनगंज/आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को विभागीय साईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Vijay 18/5/26

(विजय कुमार)
अपर सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।